मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय

उदयपुर

क्रमांक/मोलासुविवि/परीक्षा/2012/14889 दिनांक : 25.10.2012

अधिसूचना संख्या – 34

विश्वविद्यालय के समस्त छात्रों को सूचित किया जाता है कि विश्वविद्यालय शैक्षणिक परिषद् की बैठक दिनांक 18.10.2012 में हुए निर्णयानुसार निम्नलिखित पाठ्यक्रमो (वार्षिक एवं सेमेस्टर) में आन्तरिक मूल्यांकन (Internal Assesment) परीक्षा का प्रावधान समाप्त कर दिया गया है। अब यह परीक्षा सैद्धान्तिक पद्धति से ही आयोजित होगी। ये पाठ्यक्रम इस प्रकार है :– स्नातक कला, वाणिज्य, विज्ञान, विधि, बी.ए. आर्नस, बी.कॉम. आर्नस, बी.एससी. बायोटेक, बी.टी.एम. बी.सी.ए. एवं स्नातकोत्तर कला,वाणिज्य,विज्ञान, विधि तथा बी.लिब., एम.लिब. एवं डी.एल.एल.।

उपर्युक्त पाठ्यक्रम की समस्त कक्षाओं में परीक्षा–2013 से आन्तरिक मूल्यांकन परीक्षा नहीं होगी। इन पाठ्यक्रमों में वार्षिक एवं सेमेस्टर परीक्षाओं के प्रश्न पत्र प्रारूप में भी बदलाव किया गया है, नये प्रारूपानुसार प्रत्येक प्रश्न पत्र के अंको में सें 50% प्रतिशत वस्तुनिष्ठ (Objective) एवं 50% प्रतिशत वर्णनात्मक (Descriptive Type) प्रश्न होंगे। प्रत्येक इकाई से दस वस्तुनिष्ठ प्रश्न एवं दो वर्णनात्मक के प्रश्न पूछे जाऐंगे। छात्रों को सभी वस्तुनिष्ठ प्रश्न (संख्या पचास) का उत्तर ओ.एम.आर. शीट में देना होगा जबकि वर्णनात्मक पद्धति में प्रत्येक इकाई से एक प्रश्न का उत्तर देते हुए कुल पांच प्रश्नों का उत्तर उत्तरपुस्तिका में देना होगा। एल.एल.बी., एल.एल.एम. एवं विधि संकाय के डिप्लोमा कोर्स के प्रश्न पत्रों के प्रारूप की सूचना अलग से विश्वविद्यालय वेबसाईट पर उपलब्ध कराई जाएगी।

बी.बी.एम. पाठ्यक्रम में आन्तरिक मूल्यांकन की पद्धति लागू रहेगी तथा प्रश्न पत्र का प्रारूप भी पूर्ववत् रहेगा।

परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु :–

1. अधिष्ठाता/निदेशक/प्राचार्य, समस्त संघटक एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों को भेजकर लेख है कि कृपया छात्रों के सूचनार्थ उपर्युक्त अधिसूचना को नोटिस बोर्ड पर चस्पा करावें।
2. निजी सचिव, माननीय कुलपति महोदय, मो.ला.सु.वि.वि., उदयपुर
3. कुलसचिव/वित्त नियंत्रक, मो.ला.सु.वि.वि., उदयपुर
4. प्रो. के. वेणुगोपालन, समन्वयक, इन्टरनेट केन्द्र, मो.ला.सु.वि.वि., उदयपुर को भेजकर लेख है कि उपर्युक्त अधिसूचना को विश्वविद्यालय वेबसाईट पर शीघ्र अपलोड करावें।
5. प्रो. हर्ष भू, परिणाम प्रभारी, मो.ला.सु.वि.वि., उदयपुर
6. लेखाधिकारी, मो.ला.सु.वि.वि., उदयपुर
7. सहायक कुलसचिव, गोपनीय विभाग, मो.ला.सु.वि.वि., उदयपुर
8. प्रभारी, जनपद, राजस्थान विद्यापीठ, कोलपोल, उदयपुर
9. जिला जन सम्पर्क अधिकारी, सूचना केन्द्र, मोहता पार्क, उदयपुर
10. अनुभाग अधिकारी, परीक्षा अनुभाग, मो.ला.सु.वि.वि., उदयपुर
11. स्टोर कीपर, परीक्षा विभाग, मो.ला.सु.वि.वि., उदयपुर
12. सभी संकाय प्रभारी, परीक्षा विभाग

उप कुलसचिव(परीक्षा)